Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 19-03-2007

Participants : Jha Shri Raghunath

an>

Title: Need to construct a bridge over river Sikarhana at Pirapanti Ghat, Bihar.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया): बिहार राज्य के पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण के बीच सिकरहना नदी बहती है। यही कारण है कि रमगढ़वा, रक्सौल, आदापुर, छौड़ादानो, बनकटवा प्रखण्ड से सीतामढ़ी जिला के प्रखण्ड तथा नेपाल के लोगों को बेतिया जाने में 200 किलोमीटर दूरी तय करना पड़ता है। इसी बीच प्रधानमंत्री सड़क योजना का निर्माण रमगढ़वा से अधकपरिया पिरापांती घाट तक हो रहा है, एवं पश्चिमी चम्पारण जिला के मझौलिया प्रखण्ड गढ़वा, भोगाड़ी होते हुए पिरपाती घाट तक प्रधानमंत्री सड़क बनाने का प्रस्ताव है। इस बीच सिकरहना नदी में पुल निर्माण करना जनहित में नितांत आवश्यक है।

मैं ग्रामीण विकास मंत्री से मांग करता हूं कि पिरपाती घाट पर सिकरहना नदी में पुल बनाने की स्वीकृति दें।